


इन्दौर समाचार के पितृपुरुष स्व. श्री सुरेश सेठजी

Email:samachar.indore@gmail.com, Website: www.indoresamachar.net

RNI No. 1533/57, Dak Reg.: MP/IDC/91/2024-2026

# इन्दौर समाचार

वर्ष 85 अंक-10 | इन्दौर, सोमवार 31 मार्च 2025 | पृष्ठ 12+8 मूल्य 5 रुपए


### चाणक्य नीति

जिस प्रकार सभी पर्वतों पर मणि नहीं मिलती, सभी हाथियों के मस्तक में मोती उत्पन्न नहीं होता, सभी वनों में चंदन का वृक्ष नहीं होता, उसी प्रकार सज्जन पुरुष सभी जगहों पर नहीं मिलते हैं।



चाणक्य

## 68 लाख के इनामी 50 नक्सलियों का सामूहिक आत्मसमर्पण

**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 68 लाख के इनामधारी 50 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण कर माओवादी संगठन को करारा झटका दिया है। नक्सलियों ने आत्मसमर्पण बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव के समक्ष किया।

एक साथ इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के सरेंडर करने से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है।

समर्पण करने वालों में कई वांछित नक्सली शामिल थे। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने एसपी, डीआईजी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) अधिकारियों के सामने अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। प्रशासन ने इसे नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक अहम कदम बताया है। इस पर राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा यह आत्मसमर्पण सरकार की प्रभावी



नीति और सुरक्षा बलों की रणनीतिक कार्रवाई का परिणाम है। हम नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति और विकास लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सहायता दी जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में शनिवार का दिन भी पुलिस व सुरक्षा बलों के नाम रहा। सुरक्षा बलों के जवानों ने अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ में 11 महिलाओं समेत 18 नक्सलियों को ढेर कर दिया जबकि 15 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। एक ओर सुकमा जिले केरलापाल के गोरगुंडा पहाड़ियों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गये जबकि केन्द्रीय सुरक्षा बल का एक जवान समेत चार जवान घायल हो गये। दंतेवाड़ा जिले में आज 15 माओवादियों ने पुलिस समक्ष आत्मसमर्पण किया। वहीं बीजापुर में नक्सली-पुलिस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। गौरतलब है कि दंतेवड़ा जिले में अबतक 987 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसर्पण किया है। इधर बीजापुर जिले में बासागुड़ा थाना क्षेत्र के टेकमेटा नरसापुर के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के मुठभेड़ एक नक्सली मारा गया। घटनास्थल से एक हथियार व विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया। इस बीच बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने बताया कि वर्ष 2025 में बस्तर संभाग के अंतर्गत सुरक्षाबलों द्वारा माओवादियों विरोधी अभियान संचालित के परिणाम स्वरूप 87 दिनों में 117 हार्डकोर नक्सली मारे गए।

### रिश्तों में न हो मार्च एंडिंग ......



न खाता रखना,
न बही रखना,
रिश्तों में बस
थोड़ी
नमी रखना,
जिंदगी की ये डगर
बड़ी सूखी है,
बस
अहम में थोड़ी
कमी रखना,
भूल जाना तुम
वो
जो बुरा याद आए,
जेहन में बाकी
कुछ
खुशनुमा पल रखना,
मिली खुशी जो
वो कम नहीं,
हजार गिले शिकवे
हों सफर में,
तुम ये सबर
रखना,
न शब्दों में
जहर रखना,
मिलो न मिलो
लेकिन खबर रखना,
बीज खुशियों के
उगें,
फसल लहलहाए,
उड़ो खूब आसमां पर,
पैर लेकिन
जमीं रखना,
बस रिश्तों में
थोड़ी नमी रखना,

**नीना जैन लाइफ कोच दूरदर्शन एंकर**

## गांव के तालाब में डूबे मां और तीन बच्चे

**कामारेड्डी।** 30 मार्च (वार्ता) तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में रविवार को एक मां और उसके तीन बच्चे गांव के तालाब में डूब गए। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों की पहचान मौनिका (26) और उसके बच्चों मैथिली (10), अक्षरा (9) और विनय (7) के रूप में हुई है। यह घटना उस समय हुई जब मौनिका कपड़े धो रही थी और बच्चे तैरने के लिए तालाब में उतरे। वे दुर्घटनावश डूब गए और उन्हें बचाने के प्रयास में मौनिका की भी जान चली गई। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## लालू को लाज नहीं, गाय का चारा खा गए

**पटना (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिनों के बिहार दौरे पर हैं। गोपालगंज में जनसभा को संबोधित करते उन्होंने हुए कहा, बिहार को तय करना है कि लालू-राबड़ी के जंगलराज की ओर जाना है या मोदी-नीतीश के विकास की राह पर जाना है। अपने 20 मिनट के भाषण में शाह ने लालू यादव और कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा, जो काम कांग्रेस पार्टी 65 साल में नहीं कर पाई, वो मोदी सरकार ने 10 साल में किया है। NDA की पांच साल और सरकार बनाइए। शाह ने दावा किया कि अगर हमारी फिर से सरकार बनती है



तो हम बिहार को बाढ़ से मुक्त करा देंगे। बंद चीनी मिलों को फिर से शुरू करेंगे। लालू एंड कंपनी ने बहुत अड़ंगे लगाए, लेकिन मोदी ने 500 साल बाद राम मंदिर बनवाया। अब बिहार में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा। शाह ने छठ पूजा का भी जिक्र किया। मोदी सरकार ने शारदा सिन्हा को पद्म विभूषण से नवाजा। लालू राज ने क्या दिया- अपहरण, फिरौती, हत्या। इतने घोटाले किए, इन्हें शर्म नहीं आती। अलकतरा घोटाला, मिट्टी घोटाला। गो-माता का चारा भी लालू जी ने खाया।

## चोरी की कार से टकराने से दो की मौत

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के प्रांत विक्टोरिया की पुलिस ने रविवार को बताया कि दक्षिण-पूर्व मेलबर्न में एक चोरी की कार के पेड़ से टकराने से दो किशोरों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक वाहन चालक ने रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 02=30 बजे के बाद सेंट्रल मेलबर्न से 28 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में रोविले में हुयी, दुर्घटनास्थल का पता लगाया और अधिकारियों को सूचित किया। आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंचीं, जहां वाहन में सवार दो किशोरों को मृत पाया गया, जिनकी अभी तक औपचारिक रूप से पहचान नहीं हो पाई है।

## गाजा में फिर युद्धविराम को तैयार हमास

### हमास लीडर्स पहले हथियार सरेंडर करें

**गाजा (एजेंसी)।** फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने शनिवार को 50 दिन के युद्ध विराम के बदले 5 इजराइली बंधकों को रिहा करने पर सहमति दी है।



रॉयटर्स के अनुसार, हमास के प्रमुख खलील अल-हय्या ने कहा कि वो ईद के दिन 5 बंधकों को रिहा कर सकते हैं। हमास को यह प्रस्ताव मिस्र और कतर की तरफ से दो दिन पहले मिला था। हमास ने एक इजराइली बंधक का वीडियो भी जारी किया है जिसमें वह अपनी रिहाई की अपील कर रहा है। दूसरी तरफ इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि हमास नेताओं को सरेंडर करने पर गाजा छोड़ने की इजाजत दी जाएगी। इससे पहले इजराइल ने हमास के प्रस्ताव के जवाब में एक प्रस्ताव दिया था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट

**मास्को (एजेंसी)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी FSB के मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंजन में आग लग गई थी और फिर अंदर फैल गई। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हत्या की साजिश थी या सिर्फ एक हादसा। इसके बाद से पुतिन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में चिंताएं बढ़ गई है।

### म्यांमार भूकंप में अब तक 1644 की मौत

**म्यांमार।** म्यांमार में शनिवार दोपहर 3:30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह बीते 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आए हैं। शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप था। CNN ने एक जियोलॉजिस्ट के हवाले से बताया है कि इस भूकंप का असर 334 एटॉमिक बम में ब्लास्ट के बराबर था।

### विमान का टायर क्षतिग्रस्त होने के बाद चेन्नई में आपात लैंडिंग

**चेन्नई (एजेंसी)।** जयपुर से रविवार तड़के रवाना हुए विमान का टायर क्षतिग्रस्त होने के बाद उसे चेन्नई हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतार लिया गया। स्पाइसजेट एयरलाइंस की ओर से जारी बयान के मुताबिक फ्लाइट एसजी-9046 जयपुर से करीब 02.00 बजे रवाना हुई। विमान में 82 यात्री सवार थे। उड़ान भरने के बाद और जब फ्लाइट हवा में उड़ने के लिए तैयार थी।

### बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस के

## 11 डिब्बे हुए बेपटरी, एक की मौत

**कटक (एजेंसी)।** बेंगलुरु से कामाख्या जाने वाली बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस रविवार को कटक जिले में पटरी से उतर गई। इस हादसे में ट्रेन के 11 एसी कोच बेपटरी हो गए। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य लोग घायल हो गए हैं। ओडिशा के कटक में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12551) के 11 एसी कोच बेपटरी हो गए। हादसे में एक यात्री की मौत और 25 के घायल होने की खबर है। जानकारी अनुसार यह हादसा सुबह 11:54 बजे निर्गुंडी के पास मंगलुरी में हुआ। जबकि उक्त ट्रेन एसएमवीटी बेंगलुरु से असम के कामाख्या जा रही थी। फिलहाल एनडीआरएफ और रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य में जुटे हैं।



#### राहत-बचाव कार्य जारी

ईस्ट कोस्ट रेलवे ने बचाव अभियान तेज कर दिया है। एनडीआरएफ और दमकल सेवाएं मौके पर मौजूद हैं। फंसे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। रेलवे ने यात्रियों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, जिनमें 8455885999 और 8991124238 हैं। बताया गया है कि रेलवे की ओर से राहत ट्रेन भेजी गई है, और जल्द ही स्थिति सामान्य करने के प्रयास जारी हैं।

## नाबालिक किशोरी के साथ रेप के आरोपी को 20 साल की जेल

**भोपाल।** सितंबर 2021 में शॉहजहॉनाबाद थाना इलाके में नाबालिग के साथ गलत काम करने वाले आरोपी को दोषी करार देते हुए जिला अदालत ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। संभागीय जनसम्पर्क अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि कुमुदिनी पटेल विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने बलात्कार करने वाले आरोपी सलमान को धारा 376(3), 506 भादवि व 3/4 पास्को एक्ट मे दोष सिद्ध पाते हुये धारा 376(3) भादवि व 3/4 पास्को एक्ट मे 20 साल का का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपये के अर्थदण्ड एवं 506 भादवि मे 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रू अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला

## मणिपुर सहित तीन राज्यों में एफसपा की अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (एफ्सपा) को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी।



गृह मंत्रालय के अनुसार, मणिपुर में जारी हिंसा के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है। नए आदेश के तहत मणिपुर के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर बाकी पूरे राज्य में 1 अप्रैल 2025 से आगामी छह महीनों तक एफ्सपा प्रभावी रहेगा।

#### नगालैंड में भी रहेगा प्रभावी

नगालैंड में दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिलों को अशांत क्षेत्र घोषित कर यहां एफ्सपा लागू किया गया है। इसके अलावा कोहिमा, मोकोकचुंग, लोंगलेंग, वोखा और जुनहेबोटो जिलों के कुछ पुलिस थाना क्षेत्रों में भी यह कानून 1 अप्रैल 2025 से छह महीने तक प्रभावी रहेगा।

## विक्रम यूनिवर्सिटी का नाम बदलेगी MP सरकार

### उज्जैन में सीएम मोहन यादव का ऐलान

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश सरकार ने उज्जैन के विक्रम यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर सम्राट विक्रमादित्य यूनिवर्सिटी करने की घोषणा की है. सीएम मोहन यादव ने कहा कि यह सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर ही है।

लेकिन अब इसे स्पष्ट पहचान मिलेगी. मध्यप्रदेश सरकार ने उज्जैन स्थित विक्रम यूनिवर्सिटी का नाम बदलने का बड़ा फैसला किया है. अब यह प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सम्राट विक्रमादित्य यूनिवर्सिटी के नाम से जाना



जाएगा. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में इसकी घोषणा करते हुए कहा, यह यूनिवर्सिटी सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर ही स्थापित है, लेकिन कुछ लोग इस तथ्य से अनजान हैं. इसलिए अब इसे आधिकारिक रूप से सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय नाम दिया जाएगा.

### पाकिस्तानी सेना ने अपने ही नागरिकों पर किया

## ड्रोन अटैक, 9 लोगों की मौत

### 12 आतंकियों के मार गिराने का दावा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में 9 लोगों की जान चली गई. वहीं, पाकिस्तानी सेना का दावा है कि आतंकवादियों के ठिकानों पर किए गए इन हमलों में 12 आतंकियों को मार गिराया गया है. एक बयान में कहा गया कि शनिवार सुबह आतंकवाद रोधी अभियान के तहत मरदान जिले के कटलांग के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया. रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता मुहम्मद अब्बास ने बताया कि उन्होंने जिला उपायुक्त के निर्देश



पर मरदान-स्वात मोटरवे पर सात पुरुषों और दो महिलाओं के शव को मेडिकल कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित किया है. उन्होंने कहा कि मारे गए लोगों के शवों की पहचान नहीं हो पाई है. सभी शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हैं. स्थानीय लोगों ने दावा किया कि मारे गए लोग स्वात जिले के चरवाहे थे. उनका आतंकियों से कोई संबंध नहीं है. इन हमलों के बाद स्थानीय लोगों ने शवों को मोटरवे पर रख दिया. इस दौरान उनकी तरफ से विरोध प्रदर्शन भी देखने को मिला. हालांकि, बातचीत के बाद लोगों को मना लिया गया. सभी शवों को डीएनए परीक्षण के लिए रेस्क्यू सर्विस 1122 को सौंप दिया गया है.

## वाशिंगटन में गोलीबारी से दो लोगों की मौत

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** पियर्स काउंटी शेरिफ विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि इस सिलसिले में एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। विभाग ने उसकी उम्र नहीं बताई। अमेरिका में वाशिंगटन के टैकोमा में एक पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।



अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पियर्स काउंटी शेरिफ विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि इस सिलसिले में एक किशोर को हिरासत में लिया गया है।

विभाग ने उसकी उम्र नहीं बताई। बयान के अनुसार रात 12.30 बजे से कुछ पहले, पुलिस को सूचना मिली कि 30 से 40 युवा लोग एक घर में हो रही पार्टी से भाग रहे हैं और चिल्ला रहे हैं। विभाग ने बताया कि गोलीबारी से आसपास के घरों और वाहनों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि दो हथियार बरामद हुए हैं।